www.FirstRanker.com

[This question paper contains 4 printed pages.]

1065 आपका अनुक्रमांक __________

**B.Com. (H) / II** **B**

Paper XV – HINDI (A) हिन्दी (क)

(आधुनिक भारतीय भाषा : हिन्दी)

*समय : 2 घण्टे* *पूर्णांक : 50*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)*

*नोट :- इस प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' के बी. कॉम. (ऑनर्स) में प्रवेश-प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं । नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जाएगा ।*

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिये :

(क) 'मैंने तो समझाकर उससे
सभी कह दिया है
उसने भी मुझ को
समझ लिया है ठीक
संयत रहने का
वचन भर लिया है ।

अब काल-पुरुष के हाथों में है बात
हम सावधान यदि रहे तो हित होगा,
यदि हमने इच्छा नहीं अनृत कि की
जो सहज भाव से होगा, ऋत होगा ।'

P.T.O.

www.FirstRanker.com

www.FirstRanker.com



अथवा

तो न शिव-रचना कहीं भी सत्य होगी
परम-पशुता मात्र जग-भर तथ्य होगी
सिंह से रक्षा गलत है क्या हिरन की
अर्थवत्ता क्या नहीं कुछ भी किरण की ?
तम न भेदे सूर्य को फिर सूर्य क्या है
नभ गुँजाया नहीं तो फिर तूर्य क्या है ? (5)

(ख) धर्म ग्रंथों में, स्त्री की तुलना पृथ्वी के साथ की गई है। जिस भाँति पृथ्वी संसार-भर का बोझ वहन करती है, वैसे ही स्त्री सभी दायित्वों का भार वहन करती है, उसकी शक्ति सेवा में है। पुरूष महत्वाकाँक्षी होता है, पर स्त्री का प्रमुख गुण त्याग है, सेवा है।

अथवा

मैं वही माधवी हूँ, गालव। तुम किस माधवी के लिए छटपटाते रहते थे ? मैं तुम्हारे लिए केवल निमित्त मात्र थी। जब तुम मेरे सामने अनुनय-विनय कर रहे थे तब भी तुम झूठ बोल रहे थे। तुमने केवल एक ही व्यक्ति से प्रेम किया है और वह अपने आप से। पर मैं, तुम्हें पहचानते हुए भी नहीं पहचान पायी। (5)

2. 'कालजयी' खण्डकाव्य की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए।

अथवा

खण्डकाव्य 'कालजयी' के काव्यरूप पर विचार कीजिए। (8)

www.FirstRanker.com

www.FirstRanker.com



3. 'माधवी' नाटक की नायिका के चरित्र-चित्रण पर विचार कीजिए।

**अथवा**

'माधवी' भीष्म साहनी का महत्वपूर्ण नाटक क्यों कहा जाता है ? विवेचन कीजिए। (7)

4. 'विराटा की पद्मिनी' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों का लघु-उत्तर दीजिए :

(i) 'विराटा की पद्मिनी' के रचनाकार का नाम बताते हुए उसके प्रमुख पात्रों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

कुमुद को दुर्गा का प्रतिरूप क्यों माना गया ? (2)

(ii) मंदिर के बाहर लोचन सिंह और सैयद के सैनिकों की तलवारें परस्पर क्यों खिंची ?

**अथवा**

रामदयाल अलीमर्दान के पास छोटी रानी का क्या संदेश लेकर गया था ? (3)

5. मानक भाषा का तात्पर्य क्या है, भाषा के मानकीकरण का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

देवनागरी लिपि की विशेषताएँ बताइए। (5)

6. अच्छे संक्षेपण की विशेषताएँ बताइए।

www.FirstRanker.com

P.T.O.

www.FirstRanker.com



अथवा

विज्ञापन की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। (5)

7. किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए :

(i) राजनीति में भ्रष्टाचार

(ii) आर्थिक मंदी

(iii) दिल्ली मैट्रो

(iv) कुछ मीठा हो जाय (5)

8. 'द्विभाषिक शब्दकोश' किसे कहते हैं ? किन्हीं दो शब्दकोशों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

किन्हीं पाँच शब्दों के हिन्दी प्रतिरूप लिखिए : (5)

Compensation, Awarding Authority, Clearing, Divident, Guaranty, Monetary area, Owners, Withdrawal

www.FirstRanker.com